# वागड़ संदेश

Tital Code RAJHIN27802

www.wagadsandesh.com

जन मन की आवाज

सम्पर्क

ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई-मेल editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 अंक-271 सागवाड़ा,बुधवार,22 जून, 2022 अवधिः हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)


# एसपी सहित अन्य लोगों की मिली भगत को लेकर जुटाएंगे सबूत

## 2 सीआई, 2 कांस्टेबल रिश्वत प्रकरण- जांच अधिकारी एएसपी चंद्रशील ठाकुर पहुंचे डूंगरपुर

**डूंगरपुर।** जिले के कोतवाली सीआई व धम्बोला सीआई सहित 4 पुलिसकर्मियों की ओर से 8 लाख 30 हजार की रिश्वत मामले में प्रकरण दर्ज होने के बाद एसीबी ने जांच शुरू कर दी है। एसीबी की ओर से मामले के जांच अधिकारी एएसपी चंद्रशील ठाकुर जांच के लिए आज बुधवार को डूंगरपुर पहुंचे। जहा वे डूंगरपुर एसपी सहित अन्य लोगो की मिलीभगत को लेकर सभी पहलुओं पर सबूत जुटाने लगे है। एसीबी के एएसपी व जांच अधिकारी चंद्रशील ठाकुर ने बताया की सीआई कोतवाली दिलीपदान, धंबोला सीआई भैयालाल आंजना, कांस्टेबल भोपालसिंह और कांस्टेबल जगदीश विश्नोई को 3 लाख 30 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथो गिरफ्तार किया था। जबकि 4 दिन पहले रिश्वत में लिए 5 लाख रुपए कांस्टेबल भोपालसिंह की थाने में रखी अलमारी से मिले थे। मामले में एसपी सुधीर जोशी के नाम से रिश्वत ली जा रही थी, इसलिए एसपी की भूमिका भी संदिग्ध मानी गई है। एसपी के नाम पर लेनदेन को जांच के दायरे में लेते हुए सभी पहलुओं पर पड़ताल की जा रही है। इसमें कोई भी बड़ा अधिकारी भी मिला होगा तो वह बच नहीं सकेगा। वही रिश्वत के इस केस में दलाल सुनील कलाल का नाम भी सामने आया है, लेकिन वह अभी फरार चल रहा है। उसके पकड़े जाते ही और भी कई बड़े खुलासे हो सकते है। लेनदेन को लेकर व्हाट्स चेटिंग के सवाल पर कहा की मामले से जुड़े सभी पुलिस अधिकारियो ओर पुलिस कांस्टेबल के मोबाइल फोन की एफएसएल जांच की जाएगी। वही अगर कुछ डाटा डिलीट किया गया है तो उसे भी रिकवर किया जाएगा।

### पीड़ित के साथ एसपी से भी हो सकती है पूछताछ

एसीबी के एएसपी चंद्रशील ठाकुर के साथ एसीबी की टीम ने अब डूंगरपुर में जांच शुरू कर दी है। एएसपी ठाकुर ने बताया की एफआईआर ने जिन जिन अधिकारियों, कर्मचारियों के नाम है सभी से पूछताछ की जाएगी। मामले में पीड़ित शराब ठेकेदार चंदूलाल कलाल उर्फ फोजी, नरेंद्रसिंह को भी बुलाया गया है। घटना से जुड़े सभी साक्ष्य उनसे मांगे जाएंगे। वही एसपी पर लगाए आरोपों से जुड़े सबूत भी जताएं जायेंगे। वही घटना से जुड़े सीसीटीवी फुटेज, रिकॉर्डिंग समेत जो भी सबूत सामने आएंगे उन्हें इकट्ठा करने के बाद उनमें कड़ी जोड़ी जाएगी।

# 19 दिन से गायब युवक का झाड़ियों में मिला सडा गला शव

## 4 जून को बहिन के मेहमान जाने के लिए निकला था युवक, पुलिस कर रही मामले की जांच

**सीमलवाड़ा।** जिले के धम्बोला थाना क्षेत्र के गोठीपड़ा गाँव की तलावडी के पास झाड़ियों में एक युवक के सड़ा गला शव मिला है। बहन के घर मेहमान गया युवक 19 दिन से गायब था ओर परिवार के लोग उसे तलाश रहे थे। शव मिलने के बाद परिवार के लोगो ने हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। डूंगरपुर जिले के धंबोला थाना क्षेत्र के झरनी ढेचरा मसूर निवासी रामा डामोर ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। रिपोर्ट में रामा डामोर ने बताया की उसका 25 वर्षीय बेटा भायचंद डामोर खेतीबाड़ी का काम करता है। 4 जून को भयाचंद अपनी बहन शारदी के घर झलाई गांव में मेहमान गया था। उसी दिन वह बाइक लेकर आए दोस्त के साथ जाने के कहकर निकल गया और वापस घर नहीं आया। परिवार के लोग उसकी खोजबीन करते रहे। रिश्तेदारों और आसपास तलाशने के बाद भी कोई पता नही लगा। इस पर परिजनों ने 15 जून को धंबोला थाने में भयाचंद की गुमशुदगी दर्ज करवाई गई। परिवार के लोगो के साथ अब पुलिस भी भायचंद की तलाश कर रही थी। कल मंगलवार देर शाम को भायचंद का शव गोठीपड़ा तालाब के किनारे झाड़ियों में पड़ा हुआ मिला। शव पूरी तरह से सड़ गया था और कीड़े पड़ गए थे। इस वजह से बदबू भी आ रही थी। शव मिलने की सूचना के बाद सनसनी फेल गई और लोग इकट्ठे हो गए।

आज बुधवार सुबह शव को डूंगरपुर हॉस्पिटल के मोर्चरी लेकर आए। परिजनों ने भायचंद की मौत पर शक जताते हुए हत्या के आरोप लगाए। पुलिस ने मामले में निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई का भरोसा दिलाया। इसके बाद परिजन माने और पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाते हुए शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। फिलहाल पुलिस घटना को लेकर जांच कर रही है।

# कार्गो पार्सल की आड़ में शराब तस्करी

## रतनपुर पुलिस चौकी ने एक मिनी ट्रक को किया जब्त, एक लाख कीमत की शराब की बरामद, दो आरोपी गिरफ्तार

डूंगरपुर। जिले की बिछीवाडा थानान्तर्गत रतनपुर पुलिस चौकी ने आज रतनपुर बोर्डर पर शराब की अवैध तस्करी के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस ने एक मिनी ट्रक से एक लाख कीमत की 15 कार्टन शराब जब्त की है। वही पुलिस ने ट्रक चालक सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। कार्गो पार्सल की आड़ में ये शराब तस्करी की जा रही थी। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। डूंगरपुर जिले के बिछीवाडा थाने के थानाधिकारी रणजीत सिंह ने बताया की एनएच 48 पर डूंगरपुर होते हुए गुजरात अवैध शराब तस्करी की सूचना मिली थी। जिस पर गुजरात सीमा की रतनपुर बोर्डर पर बिछीवाडा थाने के अंतर्गत रतनपुर पुलिस चौकी प्रभारी सुशील दशोरा, कांस्टेबल लोकेन्द्र सिंह, कुणाल पंड्या व देवी सिंह ने नाकेबंदी शुरू की। इस दौरान पुलिस ने उदयपुर की तरफ से आते हुए एक बंद बॉडी मिनी ट्रक को रोककर तलाशी ली7 तलाशी के दौरान ट्रक में कार्गो पार्सल के पीछे शराब छिपाकर रखी हुई थी। जिस पर रतनपुर पुलिस चौकी की टीम ने जब शराब को लेकर ट्रक चालक से पूछताछ की तो चालक शराब परिवहन के संबंध में दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाया। जिस पर पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया वही ट्रक चालक बांसवाड़ा जिले के मेतवाला निवासी पुष्पेंद्र सिंह राठौड़ और ट्रक के केबिन में बैठे उसके सहयोगी राजसमंद जिले के काकरोली निवासी कुंदन आचार्य को आबकारी अधिनियम में मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने ट्रक से एक लाख रुपये कीमत की राजस्थान निर्मित विभिन्न ब्रांड के 15 कार्टन शराब जब्त की है। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि शराब तस्करी कर गुजरात ले जाई जा रही थी। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

# लॉरेंस गैंग के 3 बदमाश जयपुर में गिरफ्तार

**जयपुर।** सिद्धू मूसेवाला की हत्या के बाद देश के कई राज्यों में चल रहीं लॉरेंस गैंग के सदस्यों की गिरफ्तारियां चल रही है। जिसके चलते वो अन्य राज्यों में भागने लगे हैं। ऐसे ही भागते—भागते गैंग के तीन सदस्य जयपुर में पहुंच गए। वे यहां भी वारदात करने की फिराक में थे। इससे पहले ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने आरोपियों से काफी हथियार भी बरामद किए हैं। आरोपियों को कोर्ट ने दो दिन के पुलिस रिमांड पर सौंपा है। पुलिस उपायुक्त पश्चिम ऋचा तोमर ने बताया कि मंगलवार रात दस बजे गश्त के दौरान भांकरोटा थाना पुलिस टीम को महापुरा अंडरपास के नीचे एक गाड़ी में तीन युवक बैठे हुए नजर आए। युवक संदिग्ध दिखाई देने पर पुलिस गश्ती वाहन के साथ उनके नजदीक पहुंची तो वे गाड़ी में भागने का प्रयास करने लगे। इस पर गश्ती वाहन को उनकी गाड़ी के आगे लगाकर उनको भागने से रोक लिया। पुलिस जांच में उनके पास से एक देशी पिस्टल और तमंचा के साथ चार कारतूस बरामद हुए। हथियार मध्यप्रदेश और बिहार से खरीदकर लाने की बात सामने आई है। पकड़े गए राजेन्द्र सिंह के खिलाफ बीकानेर व जयपुर में हत्या, हत्या का प्रयास, लूट सहित अन्य धाराओं में 18, हरिओम के खिलाफ 11 और दानाराम के खिलाफ 5 आपराधिक प्रकरण दर्ज है।

# स्कूलों और सार्वजनिक स्थलों पर खोड़निया की पहल से लग रहे वाटर कूलर

## कोर्ट परिसर में हुआ वाटर कूलर का उद्घाटन, रोडवेज बस स्टैंड पर भी लगेगा

**सागवाड़ा।** गर्मी के मौसम में आम लोगों तक ठंडा और शुद्ध पानी पहुंचाने के लिए सागवाड़ा शहर के सार्वजनिक स्थानों पर नगरपालिका सागवाड़ा के अध्यक्ष नरेंद्र खोड़निया की पहल से भामाशाहों के सहयोग से वाटर कूलर लगाए जा रहे हैं। पालिका अध्यक्ष खोड़निया ने बताया कि भामाशाहों के सहयोग से अबतक। जगहों पर वाटर कूलर लगाए गये है जिसमें बुधवार को कोर्ट परिसर में लगाये गये वाटर कूलर का शुभारंभ किया गया। खोड़निया ने बताया कि जल्द ही रोडवेज बस स्टैंड पर भी ठंडे पानी की व्यवस्था की जाएगी। नगर पालिका अध्यक्ष खोड़निया ने बताया स्कूल में बच्चों को ठंडा और शुद्ध पानी मिल सके इसके लिये शहर की सभी स्कूलों में भी वाटर कूलर लगाए जा रहे हैं जिसमें से महिपाल स्कूल, सदर बाजार स्कूल, गामडवाड़ा नंबर 4 स्कूल, पुनर्वास कालोनी स्थित स्कूल में वाटर कूलर लगाये गये है। आम नागरिकों के लिये पीडब्ल्यूडी आफिस के बाहर और नगरपालिका में वाटर कूलर लगाते गये है। अभी। जगहों पर ओर लगाये जा रहे हैं। खोड़निया ने बताया कि शहर के विकास में भामाशाह भी अपनी भागीदारी निभा रहे हैं। जिसमें बोहरा समुदाय, पाटीदार समाज, ज़ील ग्रुप की ओर से शहर में स्वागत द्वार बनाते जा रहे हैं। इधर, कोर्ट परिसर में आयोजित कार्यक्रम में उपाध्यक्ष राजु मामा शेख, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष लालशंकर पाटीदार, हरीश पाटीदार, विजय कुमार जैन, विपीन, मयंक दोषी, आजाद शाह, ललित पंचाल, पार्षद प्रदीप जोशी, अशोक रोत, डायालाल, जवाहर, इस्माइल बिल्ला, जाकिर हुसैन, बाबूलाल मालिवाड़ मौजूद रहे।



# महिला पार्षद व पति 1.50 लाख की घूस लेते ट्रेप

**भीलवाड़ा।** भीलवाड़ा एसीबी ने बुधवार को शहर के वार्ड 29 की महिला पार्षद लक्ष्मी देवी व उसके पति मुकेश सेन को डेढ़ लाख रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा है। दोनों ने इनके वार्ड में नाले का निर्माण कर रहे ठेकेदार से स्वीकृति के एवज में रिश्वत मांगी थी। इसकी शिकायत ठेकेदार ने एसीबी से कर दी थी। एसीबी ने सत्यापन कर बुधवार को इन्हें पकड़ लिया। एसीबी प्रथम के इंस्पेक्टर नरसीलाल मीणा ने बताया कि नगर परिषद में ठेकेदारी करने वाले सुवालाल पुत्र मांगीलाल कुमावत ने एसीबी से शिकायत की थी। उनसे बताया कि वार्ड 29 के काशीपुरी क्षेत्र में नाले का निर्माण करवाना था। इस निर्माण कार्य को शुरू करने व स्वीकृति के लिए पार्षद लक्ष्मीदेवी सेन व उसके पति मुकेश सेन ने डेढ़ लाख रुपए की मांग की थी। एसीबी ने इस मामले का सत्यापन करवाया तो शिकायत सही मिली।

# मुस्लिम समाज ने काली पट्टी बांधकर शहर में निकाला मोन जुलूस

## नुपुर शर्मा और नवीन जिंदल को गिरफ्तार कर सख्त कार्रवाई की मांग

**डूंगरपुर।** भाजपा से निलंबित प्रवक्ता नुपुर शर्मा और नवीन जिंदल के विवादित बयान के विरोध में डूंगरपुर जिले के मुस्लिम समाज की ओर से आज बुधवार को विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान मुस्लिम समाज के लोगो ने काली पट्टी बांधकर शहर में मोन जुलूस निकाला वही कलेक्ट्रेट के सामने प्रदर्शन कर दोनों को गिरफ्तार कर सख्त कार्रवाई करने की मांग की गई।भाजपा से निलंबित प्रवक्ता नुपुर शर्मा व नवीन जिंदल द्वारा पैगम्बर साहब के खिलाफ दिए गए विवादित बयान का डूंगरपुर जिले के मुस्लिम समाज विरोध व आक्रोश व्याप्त है। इसी के तहत डूंगरपुर जिले में मुस्लिम समाज की ओर से डूंगरपुर शहर में मौन जुलुस निकाला गया और कलेक्ट्रेट के बाहर प्रदर्शन किया गया। वही

मुस्लिम समुदाय की ओर से आज विरोध प्रदर्शन को लेकर शहर में भारी पुलिस बल तैनात किया गया। विरोध को लेकर मुस्लिम समाज के लोग सीरत कमेटी में एकत्रित हुए। इस दौरान मुस्लिम समाज के सभी लोगों ने कपड़ो पर काली पट्टी बांधकर अपना विरोध जताया। इसके बाद सीरत कमेटी के सदर अंसार अहमद के नेतृत्व में डूंगरपुर शहर में मोन जुलूस निकाला गया। सीरत कमेटी से जुलुस रवाना हुआ जो की कानेरा पोल, मोची बाजार, पुराना अस्पताल सर्किल, गेपसागर की पाल, तहसील चौराहा से होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचा। कलेक्ट्रेट पहुंचकर मुस्लिम समाज के लोगो ने विवादित बयान पर विरोध प्रदर्शन किया। इस मौके पर सदर अंसार अहमद ने कहा की नुपुर शर्मा और नवीन जिंदल के विवादित बयानों से मुस्लिम समाज को ठेस पहुंची है। उन्होंने दोनो ही नेताओ को गिरफ्तार करने ओर सख्त सजा दिलाने की मांग की है। इसके बाद मुस्लिम समाज व सीरत कमेटी की ओर से राष्ट्रपति के नाम एडीएम को ज्ञापन सौंपा गया।

# पायलट का नाम राहुल का बड़ा बयान, सियासी गलियारों में चर्चाएं



**जयपुर।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ईडी से हुई लंबी पूछताछ के बाद बुधवार को एआईसीसी मुख्यालय में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं से रूबरू हुए और देश की वर्तमान स्थिति पर भी चर्चा की। इस दौरान राहुल गांधी कुछ ऐसा बोल गए जिसे लेकर सियासी गलियारों में चर्चाओं का दौर शुरू हो चुका है। दरअसल, राहुल गांधी ने ईडी के दौरान हुई पूछताछ का जिक्र करते हुए कहा कि ईडी के अधिकारी मुझसे कहते थे कि मैं इतना पेशेंस के साथ सवालों का जवाब कैसे देता हूं। मैंने उन्हें कहा कि मैं 2004 से कांग्रेस पार्टी मैं काम कर रहा हूं। पेशेंस नहीं आएगा तो क्या आएगा। राहुल गांधी ने कहा कि यह बात कांग्रेस का हर कार्यकर्ता और नेता जानता है, उन्होंने मंच की ओर मुखातिब होते हुए कहा कि सचिन पायलट बैठे हैं यह भी पेशेंस रखे हुए हैं। मैं भी पेशेंस रखे हुए हूं और यहां बैठा हर नेता पेशेंस रखे हुए हैं। राहुल गांधी ने कहा कि यहां सिद्धारमैया बैठे हैं, रणदीप सिंह सुरजेवाला बैठे हैं। सभी पेशेंस के साथ ही तो बैठे हैं,यह जो हमारी कांग्रेस पार्टी है ये हमें थकने नहीं देती है बल्कि पेशेंस रखना सिखाती है। इससे हमें स्ट्रैंथ मिलती है, ताकि हम लंबी लड़ाई लड़ सके। इधर, सचिन पायलट को लेकर राहुल गांधी के दिए बयान के कई सियासी मायने निकाले जा रहे हैं। चर्चा है कि भविष्य में सचिन पायलट किसी बड़ी भूमिका में सामने आ सकते हैं। इससे पहले राहुल गांधी ने अग्निपथ योजना का जिक्र करते हुए कहा कि मैंने पहले ही कहा था कि किसान विरोधी कानूनों को सरकार वापस लेगी और अब युवाओं की के खिलाफ इस अग्निपथ स्कीम को भी लेकर कह रहा हूं कि केंद्र की मोदी सरकार इस योजना को वापस लेगी। राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने इस देश की रीड की हड्डी को तोड़ दिया है जो युवा आर्मी में भर्ती होने के लिए सुबह-सुबह दौड़ लगाते हैं अब यह देश उन्हें रोजगार नहीं दे पाएगा। उन्होंने कहा कि युवाओं के पास अपनी देशभक्ति दिखाने का जो रास्ता था उसे ही इन लोगों ने बंद कर दिया है। राहुल गांधी ने कहा कि इस लड़ाई में हिंदुस्तान का हर युवा का साथ हमें मिलेगा क्योंकि भारत का नौजवान जानता है कि सच्ची देशभक्ति सेना को मजबूत करने से होती है उसे कमजोर करने से नहीं।

# हिंदू राष्ट्र बना भी दिया तो एक नहीं रहेगाः गहलोत

## BJP-RSS ने कभी दलित-आदिवासियों को गले नहीं लगाया

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भाजपा-आरएसएस पर फिर हमला बोला है। गहलोत कहा है कि भाजपा वाले हिंदू राष्ट्र की बात कर रहे हैं। क्या हिंदू धर्म के नाम पर ये हिंदू राष्ट्र बनाकर एक रख पाएंगे। हिंदू राष्ट्र बना भी दिया तो एक नहीं रख पाएंगे। यही हिंदू लोग बाद में बात करेंगे कि ये तो शिड्यूल कास्ट के लोग हैं। आज तो भाजपा के लोग शिड्यूल कास्ट और ट्राइबल को गले लगा रहे हैं कि आप हिंदू हो। इनकी आत्मा से पूछो भाजपा-आरएसएस ने कभी भी शिड्यूल कास्ट और ट्राइबल को गले नहीं लगाया। गहलोत ने कहा- भाजपा आरएसस से पूछता चाहता हूं, धर्म के नाम पर पाकिस्तान बना, क्या कारण है कि उसके दो टुकड़े हो गए। जब मुस्लिम देश था, एक ही धर्म के लोग थे फिर वह टूट कैसे गया। धर्म के आधार एक मुल्क बनना अलग बात है उसका कायम रहना अलग बात है। धर्म के नाम पर देश बन सकते हैं लेकिन एक रहेगा यह गारंटी नहीं है। यही बात हिंदू राष्ट्र पर लागू होती है। आज ये हिंदू राष्ट्र की बात कर रहे हैं। अमित शाह हिंदी के लिए दो शब्द बोल गए थे, पूरा दक्षिण उठ खड़ा हुआ। अमित शाह को अपने शब्द वापस लेने पड़े। जब भाषा के नाम पर लोग भड़क सकते हैं, आप सोचिए इनकी सोच क्या है। गहलोत कांग्रेस मुख्यालय दिल्ली में मीडिया से बातचीत कर रहे थे। गहलोत ने कहा- राहुल गांधी से 50 घंटे ईडी ने पांच दिन तक पूछताछ की, राहुल गांधी ने ईडी का सामना किया वह भी बेमिसाल है। ईडी ऑफिस के बाहर और अंदर पुलिस का रवैया जैसा रहा वह अब तक नहीं देखा गया । पहली बार पुलिस का आतंक देख रहे हैं। पुलिस को तानाशाही का रिहर्सल करने का मौका दिया गया, जब तानाशाही पूरी तरह से आएगी तब कैसे व्यवहार करना है उसका रिहर्सल करने का मौका दिया गया,वह बहुत खतरनाक है। पुलिस ने टारगेट कर करके कांग्रेस नेताओं , महिला नेताओं को चुन चुन कर पकड़ा, पिटाई की गई। दिल्ली के बॉर्डर पर ले जाया गया और रात को 12-1 बजे छोड़ा गया। गहलोत ने कहा- भाजपा-आरएस ने कभी भी शिड्यूल कास्ट, ट्राइबल को गले नहीं लगाया। अंबेडकर छोड़िए गांधी को कभी नहीं माना। आज ये केवल वोटों के लिए गांधी-पटेल की मूर्ति लगवा रहे हैं। सरदार पटेल ने तो आरएसस पर बैन लगाया था। आरएसएस ने माफी मांगी थी। कांग्रेस मुक्त भारत बनाने की बात करते हैं। इनकी सात पीढ़ी भी आ जाएंगी तो भी कांगेस मुक्त नहीं कर सकेंगी। गहलोत ने कहा-भाजपा वाले देश को लूट रहे हैं, करप्शन करके। आरएसए भाजपा के नेताओं को राज का मजा आ गया है। पहली बार राज मिला है, इन्हें राज का मजा आ गया है। वाजपेयीजी के टाइम इतनी छूट नहीं थी, अब लूट की पूरी छूट है लूटने की। जमकर पैसा खा रहे हैं। कांग्रेस को चंदा देना अपराध हो गया है। पूरा चंदा भाजपा को जा रहा है। कांग्रेस को कोई चंदा देने को तैयार नहीं है। गहलोत ने कहा- राहुल गांधी और कांग्रसे नेताओं के साथ ऐसा व्यवहार किया गया जैसे वे देश के नागरिक नहीं हैं। इतिहास में ऐसा कभी नहीं हुआ कि पुलिस कांग्रेस हैडक्कार्टर में घुस जाए और कार्यकर्ताओं को पीटकर बाहर निकाले। जहां भाजपा की सरकारें नहीं हैं क्या वहां भी भाजपा के साथ ऐसा बर्ताव करें। राजस्थान में भाजपा अभी विपक्ष में है। राजस्थान में भाजपा आंदोलन करे तो क्या हम लोग भी भाजपा हैडक्कार्टर में पुलिस घुसा दें, वहां मिसबिहेव करें, कार्यकर्ताओं को पीटकर बाहर निकालें, यह शोभा देगा क्या

